# ISWK SHARING KNOWLEDGE

## Class -VI

## Subject- Hindi Second Language

## Topic- चाँद से थोड़ी सी गप्पें

## व्याकरण

©IS

By –Anu Bala

# चाँद से थोड़ी सी गप्पें
## Grammar

व्याकरण भाग
उपसर्ग ( Prefix)
प्रत्यय (Suffix)
भाववाचक संज्ञा (Abstract noun)
सर्वनाम ( pronoun)

# 1 -उपसर्ग ( Prefix)

उपसर्ग वे शब्दांश हैं, जो शब्द के प्रारंभ में लगकर नया शब्द बनाते हैं।

Prefix- An element placed at the beginning of a word to adjust or qualify its meaning

जैसे कि उदाहरण के लिए ईमान शब्द के आरंभ में बे जोड़कर हम बेईमान , पुत्र शब्द के आरंभ में सु जोड़कर सुपुत्र तथा अधिक शब्द के शुरू में अति जोड़कर अत्यधिक शब्द बना सकते हैं ।

आइए अब हम उपसर्ग के कुछ और उदाहरण देखते हैं:-



| उपसर्ग | शब्द | | नया शब्द |
| --- | --- | --- | --- |
| आ | जीवन | आ+जीवन | आजीवन |
| स्व | देश | स्व +देश | स्वदेश |
| अन | पढ़ | अन+पढ़ | अनपढ़ |
| कम | ज़ोर | कम + ज़ोर | कमज़ोर |

# उपसर्ग तथा मूल शब्द को अलग कीजिए :-

| शब्द | उपसर्ग | मूल शब्द |
|---|---|---|
| आमरण | आ | मरण |
| कमअक्ल | कम | अक्ल |
| उपवन | उप | वन |

# दिए गए उपसर्गों से दो दो शब्द बनाइए :-

1 सु ⟶ सु+पुत्र - सुपुत्र , सु+गंध - सुगंध

2 ला ⟶ ला+इलाज- लाइलाज, ला+परवाह -लापरवाह

3 उप ⟶ उप+वन - उपवन , उप+योग - उपयोग

4 प्र ⟶ प्र+सिद्ध - प्रसिद्ध , प्र+बल - प्रबल

5 अ ⟶ अ+विश्वास- अविश्वास , अ+हिंसा - अहिंसा

6 ना ⟶ ना +समझ- नासमझ, ना + लायक - नालायक

7 स्व ⟶ स्व +देश - स्वदेश , स्व + राज्य - स्वराज्य

# प्रत्यय

जो शब्दांश किसी शब्द के अंत में जोड़े जाते हैं और जिनके जोड़ने से शब्द का अर्थ बदल जाता है उन्हें प्रत्यय कहते हैं ।

A suffix is a letter or a group of letters which is added to the end of a word in order to form a different word , often of a different word class.

प्रत्यय वह शब्द होता है जो शब्द के अंत में लगता है |

प्रत्यय और उपसर्ग में यह अंतर है कि उपसर्ग यहाँ शब्द के पहले लगता है वही प्रत्यय शब्द के बाद में लगता है ।

# प्रत्यय के उदाहरण हैं:-

| शब्द | | प्रत्यय | - | नया शब्द |
|---|---|---|---|---|
| 1-लघु | + | ता | - | लघुता |
| 2-बुरा | + | आई | - | बुराई |
| 3 -उड़ | + | आन | - | उड़ान |

# 2 दिए गए प्रत्ययों से दो –दो शब्द बनाइए :-

1-आई- पढ़ + आई - पढ़ाई , लिख + आई - लिखाई

2- वान – धन+वान - धनवान , दया+वान - दयावान

3 - ता - मित्र+ता - मित्रता , सुंदर+ता- - सुंदरता

4- ई - चोर+ ई - चोरी , अमीर+ ई - अमीरी

5- कार- कला+कार - कलाकार , पत्र+कार - पत्रकार

6- ईला – रंग + ईला - रंगीला , रस + ईला - रसीला

7- आलू - दया + आलू - दयालु , कृपा + आलु - कृपालु

# भाववाचक संज्ञा (Abstract noun)

जिन संज्ञा शब्दों से किसी वस्तु ,व्यक्ति, तथा स्थान के गुण-दोष ,अवस्था तथा स्वभाव आदि का बोध होता है उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं।भाववाचक संज्ञा को केवल अनुभव किया जा सकता है, देखा नहीं जा सकता।

**Abstract noun are words that represent the qualities, ideas , emotions , experiences concepts and state such things which we can not see or touch.**

प्रश्न – 3- निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाइए :-

| | |
|---|---|
| 1 दोस्त | दोस्ती |
| 2 चोर | चोरी |
| 3 बच्चा | बचपन |
| 4 अपना | अपनापन |
| 5 मीठा | मिठास |
| 6 मोटा | मोटापा |
| 7 हँसना | हँसी |
| 8 सुंदर | सुंदरता |

**सर्वनाम**

**Pronoun**

राम छठी कक्षा में पढ़ता है | राम बहुत ईमानदार बालक है | राम को पढ़ने -लिखने में भी बहुत रूचि है | राम के माता –पिता बहुत दयालु हैं | राम के पिता जी अध्यापक हैं तथा राम की माँ एक नर्स हैं |

राम छठी कक्षा में पढ़ता है | वह बहुत ईमानदार बालक है | उसे पढ़ने -लिखने में भी बहुत रूचि है | उसके पिता जी अध्यापक हैं तथा उस की माँ एक नर्स हैं |

**सर्वनाम**

वाक्य में, संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त वाले शब्दों को सर्वनाम कहा जाता है।

जैसे – मैं, तुम, आप, हम, वह, वे, उसका, उसे, मेरा, मुझे, हमने, हमारा, उन्होंने, उसने , तुम्हारे, आपके, यह, ये आदि |






## सर्वनाम के भेद

**Types of Pronoun in Hindi and Examples –**
**उदाहरण: -**
**सर्वनाम के छः भेद होते है-**

**(1)पुरुषवाचक सर्वनाम** (**Personal Pronoun**) **मैं, हम तुम,आप, वह,वे**
**(2)निश्चयवाचक सर्वनाम**(**Demonstrative Pronoun**) यह, वह, ये ,वे
**(3)अनिश्चयवाचक सर्वनाम**(**Indefinite Pronoun**) कुछ, कोई
**(4)संबंधवाचक सर्वनाम** ( **Relative Pronoun**) जो-सो,जिसका - उसका
**(5)प्रश्नवाचक सर्वनाम** (**Interrogative Pronoun**) कौन, क्या
**(6)निजवाचक सर्वनाम**( **ReflexivePronoun**) अपने-आप, स्वयं, खुद

4 - दिए गए वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँट कर लिखिए :-

| वाक्य | उत्तर |
| --- | --- |
| 1 मैं कक्षा छह का छात्र हूँ। | मैं |
| 2 मैंने गृहकार्य कर लिया है । | मैंने |
| 3 आप बाहर क्या कर रहे थे ? | आप, क्या |
| 4 यह घर प्रदीप का है। | यह |
| 5 बाहर कोई खड़ा है। | कोई |
| 6 पानी में कुछ गिर गया । | कुछ |
| 7 जो करेगा, सो भरेगा। | जो ,सो |
| 8 जैसा बोओगे, वैसा काटोगे। | जैसा,वैसा |
| 9 डिब्बे में क्या रखा है ? | क्या |
| 10 वह कल भारत जाएगा \| | वह |

रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित सर्वनाम शब्दों से कीजिए:-

1- ---मुझे- -खाने के लिए -कुछ --दीजिए।
2- आप-- –क्या-- खरीदना चाहते हैं ?
3- राकेश --स्वयं-- पत्र लिख लेगा |
4- राजा -- अपने –आप-- चला जाएगा।
5- बहन जी आप – कुछ-- खा लीजिए ।
6 मैंने-- दस साल तक अपना काम..स्वयं...किया है |